Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-06-2023 | अंक 583

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### पडरमनियादलितटोला–मे अम्बेडकर भवन का शिलान्यास हुआ



**अपेम लाइव : बिरनी**

बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह के विधायक मद से स्वीकृत द्वारा पारित दलित टोला में अंबेडकर भवन का शिलान्यास संयुक्त रूप से पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नारायण बैठा,उप प्रमुख शेखर सुमन, भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य सह वरिष्ठ नेता मुस्तकीम अंसारी के द्वारा किया गया।। मौके पर समाजसेवी अर्जुन मंडल, कमलादेवी मंडल,भीम दास, बहादुर दास, सुरेश दास, रामचन्द्र मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।।

### प्रदीप उरांव बने जदयू के बारियातू प्रखण्ड अध्यक्ष

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : प्रदीप उरांव को बारियातू प्रखण्ड अध्यक्ष बनाया गया।इस आशय की जानकारी जदयू जिला अध्यक्ष लातेहार नेजामुद्दीन कुरैशी नी दी साथ ही उन्हें प्रखण्ड कमेटी बनाकर जिला कमेटी को पंद्रह दिन के अंदर सूचित करने का निदेश दिया।

### बरसोपानी में शिव परिवार महायज्ञ के लिए सांसद ने सौंपी मूर्ति



**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव : प्रखंड के ताली बजाओ पानी पाओ के नाम से प्रसिद्ध आंगो पंचायत के बरसोपानी में 9 जून से 13 जून तक हो रहे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से ग्रामीणों को मूर्ति प्रदान की गई है। पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में सांसद पुत्र आशीष सिन्हा एवं हिमांशु कुमार, रवि कुमार दांगी के द्वारा यज्ञ कमेटी के राजू मुंडा शाहरू मुंडा समेत अन्य ग्रामीणों को शंकर, गणेश, पार्वती, कार्तिक, नंदी महाराज, हनुमान समेत अन्य मूर्तियां सौंपी गई। यज्ञ में सांसद जयंत सिन्हा महायज शामिल होंगे।




# अवैध शराब लदा एक ट्रक जप्त, चालक व ट्रक मालिक गिरफ्तार







**अपेम लाइवः चौपारण**

अवैध शराब कारोबारियों पर चौपारण पुलिस का बड़ा शिकंजा कसा है। तस्करी के लिए बिहार जा रहे शराब से भरा ट्रक को चौपारण पुलिस ने जप्त कर लिया। इस संदेर्भ की जानकारी देते हुए चौपारण थाना प्रभारी शंभु नंद ईश्वर ने बताया कि हजारीबाग एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर बताया गया कि ट्रक संख्या पीबी 13 बीएन 0352 पर अवैध रूप से शराब लाद कर हरियाणा से बिहार तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। हमारी टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान उक्त ट्रक को महूदी मोड़ पर रुकने का इशारा किया। पुलिस बल को देख ट्रक चालक वाहन को तेजी से भगाने लगा। जीटी रोड स्थित सरदापुर के समीप पकड़ा गया। पकड़े गए ट्रक का जाँच किया गया तो उसमें भारी मात्रा में अवैध शराब पाया गया। चौपारण थाना कांड सख्या 208/23 धारा 272/273/290/379/41 4 भा0द0वि0 एवं 47 (।) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रक चालक रविन्द्र कुमार पिता दलेल सिंह, ट्रक मालिक अनुज कुमार पिता राजबीर दोनो पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि जप्त अवैध शराब में इम्पेरियाल ब्लू ब्रांड के 690 पेटी में छोटे बड़े बोतल के कुल 15,960 बोतल बरामद किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार में आये चालक व ट्रक मालिक से स्थानीय तस्करों के मिलीभगत की जाँच किया जा रहा है। कहा लगातार चौपारण पुलिस अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाई कर रही है।

# नाबालिक छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म में दो अन्य आरोपी के गिरफ्तारी नही होने को लेकर लोगों में पनप रहा गुस्सा



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी के रेप पीड़िता के परिजनों से बजरंग दल के कार्यकर्ता बैदापहारी पहुंचकर मृतका के परिजनों से मुलाकात कर मृतिका के पिता से घटना की विस्तार से जानकारी लिया। तत्पश्चात विहिप जिला अध्यक्ष रामकिशोर शरण ने कहा कि प्रशासन दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें अन्यथा हमारे कार्यकर्ता एक वृहद आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी। वही मौके पर उपस्थित हजारीबाग विभाग धर्माचार्य प्रमुख कृष्णदेव पांडेय ने कहा कि घटना बहुत ही जघन्य एवं निंदनीय है स्थानीय प्रशासन इस पर कड़ी कार्रवाई करें दोषी चाहे जो भी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद धरम प्रसाद प्रवारतन झारखण्ड प्रमुख प्रांत, जिला अध्यक्ष रामकिशोर शरण, हजारीबाग विभाग धर्माचार्य प्रमुख कृष्ण देव पाण्डेय , जिला उपाध्यक्ष भरत साहू, जिला मिलन केन्द्र प्रमुख ईश्वर पंडित , जिला मंत्री निरंजन कुमार, बजरंग दल सहसंयोजक गुड्डू यादव , बजरंग दल संयोजक प्रदीप सोनी सरिया, विहिप प्रखंड उपाध्यक्ष सिकेंद्र शर्मा , प्रखंड मंत्री सरिया दीपू कुमार बर्नवाल, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह , स्थानीय मुखिया निरंजन वर्मा , विशाल बजरंगी , रंजीत राय, पंकज वर्मा, उपमुखिया मनीष वर्मा, अशोक वर्मा, राजेंद्र वर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



# विजैया : राजनीतिक षड्यंत्र के तहत सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों पर झूठे मुकदमें में फंसाने के विरोध में जनाक्रोश सभा का आयोजन

## जनाक्रोश सभा में हजारों की संख्या में महिला व पुरुष हुए शामिल

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में रविवार को राजनीतिक षड्यंत्र के तहत पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा एवं विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव को महेंद्र यादव के झूठे हत्या के आरोप में फसाएं जाने पर सर्वदलीय विकास मंच के अध्यक्ष अंबिका सिंह के अध्यक्षता में जनाक्रोष सभा का आयोजन किया गया। जिसका संचालन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, कांग्रेस चौपारण प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, प्रमुख मनोज रजक, बरही 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, चौपारण 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बरही प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, संजय मेहता, भुनेश्वर यादव, मो तौकीर, महेश ठाकुर, रंजीत पांडेय, बीरबल साहू, अनिल मेहता पदमा, विजय रविदास पदमा, सहित कई अन्य लोग शामिल हुए। जहां सभी अतिथियों को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।






विधायक उमाशंकर अकेला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की मेरे कार्यकर्ताओं को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है, उन पर झूठा केश दर्ज कर मनोबल तोड़ना चाह रहा है। लेकिन मेरे कार्यकर्ताओं में डटकर मुकाबला करने की हिम्मत है। वह दूसरों की तरह चोर और बेईमान नही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की महेंद्र यादव की मौत में पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, बरही उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, मैघलाल यादव, लोकेश कुमार, चंद्रिका कुमार, केदार यादव एवं उमेश प्रसाद पर महेंद्र यादव के मौत में इन सभी बेगुनाहों को फंसाया जा रहा है। चौपारण प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की विधायक की लोकप्रियता को देखकर कुछ लोगों को पच नहीं रहा है। जिसको लेकर विधायक के कार्यकर्ताओं पर चुन - चुन कर प्राथमिकी दर्ज करवा रहे है। पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने कहा की मुझे राजनीति षडयंत्र के तहत महेंद्र यादव के हत्या के आरोप में मुझे फंसाया जा रहा है। उन्होंने विधायक उमाशंकर अकेला यादव का आभार जताते हुए कहा की अगर मुझे विधायक का साथ नही मिलता तो आज मैं सलाखों के पीछे होता। साथ ही साथ उन्होंने बरही प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा की अगर एक सप्ताह के भीतर हम सभी को झूठे आरोप से अगर बरी नही किया जाता है तो बरही थाना में अनावरण अनशन किया जाएगा। जिसका जिम्मेवार बरही प्रशासन होगा। वहीं इस दौरान भारी संख्या में महिला एवं पुरुष बल तैनात किए गए थे। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, चौपारण 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, चौपारण कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, मो तौकीर, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा, सूरज दास, 20 सूत्री सदस्या मीना देवी, 20 सूत्री सदस्या रघुवीर यादव, पंसस मो तैयब, पंसस जीतू ठाकुर, रिजवान अली, अभिमन्यु भगत, महादेव यादव, गो. विंद यादव, राजेंद्र यादव, सीताराम, अरुण चंद्रवंशी, टिंकू केशरी, प्रयाग प्रसाद, मो अजहरुद्दीन एवं मो वारिस सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए थे।

APEM LIVE

# विजली विभाग की मनमानी से तीन साल से गांव में विजली गुल

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले के नवनिर्मित सरयू प्रखंड अंतर्गत ग्राम डोरम में 200 घरों में लगभग 650 परीवार निवास करते हैं। इस गाँव में करीब 3 वर्ष पहले हर घर बिजली योजना के तहत प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगा कर बिजली की सेवा बहाल किया गया था। बिजली बहाल होने के एक सप्ताह बाद ही 11 हजार वोल्ट का कवरयुक्त तार जल गया है, जो अब तक खराब है। ग्रामीणों द्वारा बिजली विभाग को कई बार आवेदन देकर इसकी जानकारी दिया गया है। परंतु अब तक किसी भी पदाधिकारी के द्वारा इसका शुद्ध नहीं लिया गया है। बिजली गुल है परंतु अभी भी विभाग के द्वारा बिल भेजा जाता है। ग्रामीण पाड़ों सिंह, दिपु सिंह, प्रदीप सिंह, सुरेश सिंह, रामकुमार सिंह, राजदेव सिंह,



रामबकत सिंह समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सन् 2020 में इस गाँव के प्रत्येक घरों में बिजली का कनेक्शन लगाया है। कनेक्शन लगने के उपरांत बिजली बहाल किया था। परंतु करीब एक सप्ताह बाद ही 11 हजार का तार जल जाने के कारण इस गांव में बिजली की सेवा आज तक ठप है। हमलोगों के द्वारा कई बार आवेदन के माध्यम से इसकी जानकारी विभाग के पदाधिकारियों को दिया गया है। परंतु अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं किया है। बिजली नहीं होने से हमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नौनिहाल बच्चों को पढ़ाई–लिखाई करने में काफी परेशानी हो रही है। मोबाईल जार्ज करने के लिए दुसरे गाँव का सहारा लेना पड़ता है। विभाग के द्वारा कई बार बिजली का बिल भी भेजा गया था। लेकिन हमलोगों के द्वारा बिल जमा करने से साफ मना कर दिया गया है। जब बिजली ही नहीं है तो, बिल क्यों जमा करें। यदि विभाग के द्वारा जल्द से जल्द बिजली बहाल नहीं किया गया तो, हमलोगों के द्वारा अपने घरों से बिजली का मिटर खोल कर बिजली विभाग को सौंप दिया जायेगा।

# पर्यावरण दिवस पर विशेष : पेंड ही पेड़ लगाते चलो, धरती को स्वर्ग बनाते चलो : पूनम यादव



**अपेम लाइव : बरही**



बरही विधानसभा की युवा महिला कार्यकर्ता पूनम यादव ने पर्यावरण दिवस पर अपना विचार प्रकट करते हुए कहा की प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। ताकि पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूकता बताई जा सकें और लोग उनसे निपटने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित हो सकें। लोगों से पर्यवारण से जुड़े उन मुद्दों के बारे में पता होना चाहिए, जो आने वाले समय में एक बड़ा खतरा बनने जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को बड़ी समस्याओं से बचाने के लिए समय रहते कड़े कदम उठाना बेहद जरूरी है। इसके लिए सबसे पहला कदम यही होना चाहिए की हर व्यक्ति पर्यावरण के देखभाल को अपना फर्ज समझे। हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए एक थीम चुनी जाती है, जिसका विषय पर्यावरणीय समस्याओं के लिए विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकर्षित करने में मदद करता है। साथ ही उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस का इतिहास बताते हुए कहा की संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत की थी। यह दिन मानव पर्यावरण पर स्ट०कहोम सम्मेलन की शुरुआत में अस्तित्व में आया। सम्मेलन ने पर्यवारणीय मुद्दों को उजागर करने के लिए अंतराष्ट्रीय प्रयासों की शुरुआत का संकेत दिया। पहला विश्व पर्यावरण दिवस जून 1974 को आयोजित किया गया था, जिसके बाद से यह एक प्रमुख वैश्विक कार्यक्रम बन गया है। साथ ही उन्होंने पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य बताते हुए कहा की विश्व पर्यावरण दिवस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, जो व्यक्तिगत, समुदाय और वैश्विक स्तर पर कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। यह इस बात की भी याद दिलाता है की आज की पीढ़ी को आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण को संरक्षित और संरक्षित करना कितना महत्वपूर्ण है।

**विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम**

हम सभी इस बात से वाकिफ है को प्लास्टिक का इस्तेमाल इस वक्त पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है और हमें इसके इस्तेमाल को रोकने पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे में इस साल की थीम भी इसी पर आधारित है ष्प्लास्टिक प्रदूषण को हराएंष । इस विषय को इसलिए चुना गया है ताकि प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले लोगों को इसके वैकल्पिक तरीकों के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकें।






## छत विहीन परिवार से मिले बिरनी उप प्रमुख, 50 किलो चावल देकर सहयोग किए

**अपेम लाइव : बिरनी**




बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के पडरमनिया गांव निवासी राजेश राम छत विहीन हो गया है। राजेश राम अत्यंत गरीब परिवार से हैं।। इनका माली हालत ठीक नहीं होने के कारण पाव रोटी बेचकर गुजारा करने पर मजबूर है। राजेश राम का मकान जर्जर होने के कारण कुछ दिन पूर्व इनका मकान गिर गया।। आज राजेश राम और उनकी पत्नी रीना देवी अपने बच्चों के साथ समुदायिक भवन में रहने पर मजबूर हैं।। मामले की जानकारी मिलने के बाद बिरनी उप प्रमुख शेखर सुमन पीड़ित परिवार वालों से मिलकर हर सम्भव सहयोग करने का भरोसा दिलाया साथ ही तत्काल 50 किलो चावल सहयोग के रूप में दिया।। इतना ही नहीं बिरनी बीडीओ से दूरभाष पर बात कर तत्काल आवास मुहैया कराने का अपील किए।। इधर बीडीओ ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द पीड़ित परिवार को आवास मुहैया कराया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि बब्लू मंडल, पंसस प्रतिनिधि नारायण बैठा, समाजसेवी अर्जुन मंडल, प्रमोद मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।।

## बूथ स्तर पर बहुजन समाज पार्टी को मजबूत किया जाएगा : शीला देवी

### एनएच गेस्ट हाउस में बीएसपी की बैठक, संगठन मजबूती पर जोर

**अपेम लाइव : बरही**



बैठक में शामिल बीएसपी से जुड़े लोग

बरही एनएच गेस्ट हाउस में बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शीला देवी एवं संचालन बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सूरज कुमार ने की। इस बैठक में झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में आगामी लोक सभा चुनाव पर चर्चा किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शिव कुमार दास ने कहा की बरही विधान सभा के सभी कार्यकर्ता को अपने अपने क्षेत्र में बहुजन पार्टी का झंडा बुलंद करें। क्योंकि आगामी लोकसभा चुनाव में बहुजन पार्टी का भी उम्मीदवार चुनाव होगा। जिला अध्यक्ष शीला देवी ने कहा की बहुजनो के हक हकुक की लड़ाई ईमानदारी पूर्वक केवल बीएसपी ही लड़ती आई है। इसलिए हरेक बहुजन को को बीएसपी के साथ लाना है और बहुजन पार्टी को मजबूत बनाना हैं पूर्व जिप सदस्य संतोष रविदास ने कहा की बीएसपी को मजबूत बनाने के लिए बूथ कमेटी का गठन कर मजबूत बनाया जायेगा। बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर बीएसपी के नीति एवं सिद्धांत से अवगत कराया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से नंदू साहू , इंद्रदेव पासवान, पूर्व जिला परिषद संतोष रविदास, प्रकाश कुमार धर्मेंद्र यादव, देवाशीष गुप्ता ,धर्मेंद्र गुप्ता ,गीता देवी ,प्रवीण सोनी ,एडवोकेट देवेंद्र साहू ,पप्पू खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरही के कांग्रेसियों ने उड़ीसा रेल हादसे में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बरही**



श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

उड़ीसा राज्य के बालासोर में हुए भीषण रेल दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले यात्रियों को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सें जुडे समर्पित बरही के सिपाहियों ने शनिवार की शाम बरही चौक पर कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर कांग्रेसियों ने कहा इस दुखद दुर्घटना में जिन्होंने अपने प्रिय जनों को खोया है । उनके प्रति हमारी संवेदनाएं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की हम सब कामना करते हैं। ईश्वर मृत आत्मा की शांति हेतु उन्हें अपने चरणों में जगह दे। इस अवसर पर कांग्रेसी नरेश सिंह ने कहा की पहले ऐसे रेल हादसों पर रेल मंत्री स्वयं इस्तीफा दे देते थे, लेकिन अब कोई बोलने को तैयार नहीं है। ज्ञात हो कि बीते 2 जून को उड़ीसा के बालासोर में दो एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी ट्रेन के आपस में टकरा जाने से भीषण दुर्घटना हुई थी । जिसमें सैकड़ों यात्रियों की जाने चली गई। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रघुनंदन गोप, नरेश सिंह, कुणाल कतरियार, यमुना यादव, प्रमोद सिंह, सुशील केसरी उर्फ नुनु ,राजेंद्र मद्धेशिया, द्वारका रविदास ,सुनील साहू, गुज्जू चौरसिया ,सुधीर रजक, प्रिंस सिन्हा, राजू केसरी, राजू राणा समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

## भीम आर्मी करसो पंचायत का हुआ गठन, अध्यक्ष विनोद और सचिव बने सुभाष

**अपेम लाइव : बरही**



बरही प्रखंड के ग्राम पंचायत करसो में भीम आर्मी भारत एकता मिशन का पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमे जिला सचिव राहुल अंबेडकर की उपस्थिति में सर्वसम्मति से अध्यक्ष विनोद दास, उपाध्यक्ष सोनू कुमार, सचिव सुभाष कुमार भुईयां ,महासचिव रितेश भुईयां ,कोषाध्यक्ष नागेश्वर दास, मिडिया प्रभारी रामस्वरूप भुईयां, उपसचिव द्वारिका रविदास, संरक्षक पप्पू दास, कपीलदेव भुईयां,धर्मेद्र दास, दामोदर प्रभु भुईयां, एवं प्रदीप कुमार को चुना गया मौके पर मौजूद प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कहा कि भीम आर्मी एक ऐसा संगठन है जिनके द्वारा बिना किसी भेद भाव के निष्पक्षता के साथ सबको मदद करने का काम करता है। पूरा भारत में जहां भी अन्याय, अत्याचार होता है उसके लिए भीम आर्मी संस्थापक चंद्रशेखर आजाद सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़ने का काम करते हैं। भीम आर्मी से जुड़े जिला सचिव राहुल आंबेकर ने कहा कि हर गरीब मजदूर का सहारा है भीम आर्मी। जिसका सभी जगह से भरोसा खत्म हो जाती हैं उनका सिर्फ आखरी उम्मीद भीम आर्मी से होता है। मौके पर भीम आर्मी बरही प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव, जिला सचिव राहुल अंबेडकर, सुनील कुमार ,जितेंद्र कुमार, सुनील आनंद ,दिलीप कुमार ,विनोद दास, मैनेजर अरुण भुइया ,सतेंद्र भुईया ,रामस्वरूप भुईयां विकास, विनोद ,बालगोविंद, श्याम ,कपिलदेव, कैलाश भुईयां, महेंद्र रविदास ,मंटू ,अजीत ,दामोदर ,अनिल, सुभाष ,सोनू, सचिन ,दीपक ,पप्पू ,कुंदन, विक्की, रितेश, अनिल, प्रदिप ,देवेंद्र दास ,विश्वनाथ मुंडा ,धर्मेंद्र राहुल, रोहित, दिलीप ,प्रकाश ,नागेश्वर ,विनोद, मानस कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## चौपारण में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की दोहरी कार्रवाई

### पंद्रह सौ कार्टून से अधिक अवैध शराब बरामद, हजारों लीटर तैयार शराब के पैकेजिंग की थी तैयारी

### जंगल में अवैध अंग्रेजी शराब का बाटलिंग प्लांट बरामद

**अपेम लाइव : चौपारण**

झारखंड के सीमांत जिले के चौपारण प्रखंड में पुलिस द्वारा दो भिन्न छापेमारी में अवैध शराब की बडी खेप के साथ अंग्रेजी शराब निर्माण का कारखाना को ध्वस्त किया गया है। इसमें जहां पुलिस ने एक ट्रक से 790 कार्टून अवैध शराब बरामद किए वहीं जंगल के शराब के मिनी फैक्ट्री से लगभग पंद्रह सौ कार्टून शराब तथा हजारों लीटर पै. केजिंग के लिए तैयार शराब बरामद किए। इस कार्रवाई में अनैतिक धंधे से जुड़े नेटवर्क को करोड़ों रूपये के नुकसान की संभावना जताई गई। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के निर्देश पर संझा जंगल तथा नेवरी करमा के बीच जंगल में स्थित विदेशी शराब निर्माण की एक बडे बाटलिंग प्लांट पाया गया। इस अवैध शराब फैक्ट्री से पैक किये गये पंद्रह सौ कार्टून शराब के साथ ही हजारों लीटर पैकेजिंग के लिए स्टोर कर रखे गये शराब, हजारों खाली बोतल, हजारों विभिन्न कंपनियों के रैपर, ढक्कन तथा केमिकल बरामद किया गया। छापेमारी का नेतृत्व एएसपी कर रहे थे। छापेमारी में डीएफओ तथा उत्पाद विभाग के अधिकारी भी शामिल थे। अहले सुबह आरंभ हुये पुलिस की इस कार्रवाई में शराब की अवैध फैक्ट्री को जेसीबी लगाकर नष्ट किया गया। वहीं दुसरी कार्रवाई में पुलिस ने जीटी रोड महुदी मोड से ट्रक नंबर पीबी 13 बी एन 0352 से अवैध तरीके से शराब लादकर जा रहे ट्रक को मालिक एंव चालक समेत पकडा। ट्रक से 690 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया गया। इसमें इंप. ीरियल ब्लू 750 एम एल का 250 पेटी, 375 एम एल का 340 पेटी, 180 एम एल का सौ पेटी बरामद किया गया। पुलिस ने वाहन मालिक अनुज कुमार,करनाल तथा चालख रवीन्द्र कुमार, पानीपत दोनों हरियाणा को खदेड़कर पकडा। बरामद शराब का मुल्य चालीस लाख से अधिक पाया गया है।

**उत्पाद विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल**

चौपारण, हजारीबाग चौपारण प्रखंड की पहचान अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री के बड़े केंद्र के रुप में बीते कई सालों से हो रही है। नेवरी करमा जंगल में मिले अवैध शराब के बडे फैक्ट्री को लेकर उत्पाद विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्र के भगहर, दैहर, चोरदाहा, रामपुर, झापा, दादपुर, ता. जपुर, चौपारण आदि जंगलों में बडे पैमाने पर देशी और विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री लगाई गई है। उत्पाद विभाग दिखावे की कार्रवाई करती है। हालांकि सवाल इन सबके राजनी. तिक संरक्षण पर भी उठाये जा रहें हैं।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल बेमिसाल : राजधानी यादव

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार के द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत महिला डिग्री क०लेज में जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे के अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है इसी कड़ी में प्रधानमंत्री जी के 9 साल कार्यकाल में लातेहार विधानसभा में अनेकों कार्य किए गए हैं, जिसमे लातेहार प्रखंड के ग्राम पतरातू में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण, ग्राम बिशुनपुर में महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण,ग्राम राजहर में एएनएम प्रशिक्षण महाविद्यालय का निर्माण, ग्राम गोवा में डिग्री क०लेज, लातेहार नगर में विशाल पानी टंकी का निर्माण कर जल संकट से निजात दिलाना, सांसद सुनील सिंह के प्रयास से जिले में दो दो ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना, प्रदेश में भाजपा की रघुवर सरकार के सहयोग से लातेहार भाया डीही मुरूप नवादा हेरहंज तक सड़क एवं पुल निर्माण, उदयपुरा से बालूमाथ प्रखंड को जोड़कर लातेहार से बालूमाथ की दूरी लगभग 20



किलोमीटर कम किया गया एवं सिकनी से रिचूघूटा तक पथ एवं पुल निर्माण जैसे अनेकों कार्य किया गया है ।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों की सेवा वंचितों का सम्मान सुनिश्चित हो रहा किसानों का कल्याण, नारी शक्ति हो रही है ताकतवर, भारत की अमृत पीढ़ी हो रही है सशक्त, मध्यम वर्ग का जीवन हुआ आसान, सभी के लिए सस्ती सुलभ स्वास्थ्य सेवा, राष्ट्र प्रथम विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत वैश्विक आर्थिक महाशक्ति, टेक्नोलॉजी से भारत को नई शक्ति, सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण जन-जन में जागरण, संकल्प के साथ कार्य किया जा रहा है ।कार्यक्रम के अंत में दिवंगत पत्रकार कौशल पांडेय का असमय दुर्घटना में मृत्यु एवं उड़ीसा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मृत लोगों को 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई ।मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक पंकज सिंह, नगर पंचायत निवर्तमान अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पांडेय, सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी पवन कुमार, नगर मंडल अध्यक्ष रितेश कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला महामंत्री पिंटू रजक, जिला कार्यसमिति सदस्य आनंद सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह, बबन मांझी, राजकुमार दास, अमर विश्वकर्मा, अजय सिंह, युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश कुमार, धीरेंद्र शुक्ला, संतोष पांडे,राजू प्रसाद, एवं पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## कौशल उन्नयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जला कौशल विकास कार्यालय के द्वारा रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में कौशल उन्नयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का शुभारम्भ लातेहार विधायक लातेहार बैद्धनाथ राम एवं उपायुक्त भोर सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया स इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण युवक-युवतियों के पास रोजगार परक कौशल या हुनर का अभाव है स सभी युवक युवती आजीविका एवं अच्छे जीवन के लिए नौकरी पाना चाहते हैं । परन्तु इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप कौशल नहीं होने के कारण वे रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं स राज्य सरकार युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना चला रही है । जिसके तहत विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है स आगे उन्होंने कहा बाजार में विभिन्न तरह के कौशल युक्त कामगारों की काफ़ी मांग है जैसे राजमिस्त्री, प्लम्बर,टेलर, ऑटोमोबाइल मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स/ मोबाइल रिपेयरिंग मैकेनिक, वेल्डर इत्यादि स इन कार्यों के लिए कौशल प्रशिक्षण प्राप्त आप रोजगार पा सकते हैं अथवा स्वरोजगार भी कर सकते हैं । उन्होंने युवक युवतियों से सरकार द्वारा संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़कर लाभ लेने की अपील किया सउपायुक्त ने कहा कि सरकार के द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में कौशल



प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । युवक- युवती उससे जुड़कर अपना कौशल हासिल करें । आगे उन्होंने कहा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत कौशल संवर्धन के लिए कार्य का अनुभव भी प्राप्त करें । उन्होंने कहा राज्य सरकार ने निजी क्षेत्र में 40000 रूपये तक के वेतन वाले पदों के 75 फीसदी पद पर स्थानीय युवक युवतियों को नियुक्त करने का नियम बनाया है स जिले में वर्तमान में कुछ कम्पनियों के खदान संचालित हैं और कुछ नये खदान खुलने वाले है । जिले में रोजगार के बड़ी संख्या में नये अवसर उपलब्ध होंगे । स्थानीय युवक-युवती कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर उनमें रोजगार प्राप्त कर सकते हैं सश्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि सरकार के द्वारा युवक युवतियों को रोजगार पूरक कौशल प्रशिक्षण देने के लिए मुख्यमंत्री सारथी योजना संचालित किया जा रहा है। इस योजना में सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना, दीन दयाल उपाध्यायय कौशल केंद्र, एम्प्लॉयबिलिटी एक्सीलेंस विथ कॉलेज एजुकेशन एंड लर्निंग, ब्लॉक लेवल इंस्टिट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्विजिशन समाहित है । इस योजना के तहत गैर आवासीय प्रशिक्षणार्थियों को 1000 रूपये प्रतिमाह दिया जाता है । प्रशिक्षणोपरांत प्रमाणित सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्राणिकरण के तीन महीने के अंदर रोजगार नहीं मिलने पर युवकों को 1000 रूपये प्रतिमाह तथा युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को 1500 रूपये प्रतिमाह अधिकतम 1 वर्ष के लिए देने का प्रावधान है सकार्यशाला में एनटीपीसी के डीजीएम आर. बी. सिंह एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉर्पोरेट अफेयर्स के प्रोफेसर रमण वल्लभ ने कौशल प्रशिक्षण, अप्रेन्टिसशिप एवं रोजगार के अवसरों के बारे जानकारी दिया समौके पर सांसद प्रतिनिधि विवेक चौरसिया, मनिका विधायक के प्रतिनिधि, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, कौशल प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि एवं आमजन, युवक युवती उपस्थित थे ।

## मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो का दर्शन कराएगी विकास तीर्थ यात्रा : जयन्त सिन्हा

## नौ साल रहा बेमिशाल, उपलब्धियों भरा रहा मोदी जी का कार्यकाल : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**

मोदी सरकार के नौ साल के सफर को यादगार बनाने के लिए भाजपा नेतृत्व ने विकास तीर्थ यात्रा के तहत 29 मई से 25 जून तक भिन्न भिन्न कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा नेता मोदी जी द्वारा किए गए विकास कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इसी कड़ी में बच्छई पंचायत के सिंघरावां में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से सांसद जयन्त सिन्हा व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल का लेखा जोखा रखा। विकास तीर्थ यात्रा का केंद्र बिंदु रहा लराही पुल व रास्ता। सांसद जयन्त सिन्हा व तत्कालीन विधायक मनोज यादव द्वारा अनुशंसित





भाजपा सरकार में लगभग 60 करोड़ की लागत से बना था लराही पुल व रास्ता। कार्यक्रम को सबो. धित करते हुए सांसद जयन्त सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार किए गए विकास कार्यो के दर्शन कराएगी विकास तीर्थ यात्रा । कहा मोदी जी के आशीर्वाद से हमने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र को विकास के पटरी पर ले जा रहे है। हज़ारीबाग़ का मेडिकल कॉलेज, बरही का कृषि विश्वविद्यालय, चौपारण का लराही रोड विकास का उदाहरण है। पूर्व विधायक ने कहा कि लराही वासियो के संघर्ष को आदरणीय जयन्त सिन्हा के प्रयास व भाजपा के रघुवर जी के सरकार ने पुल निर्माण की स्वीकृति दिलाया। कहा पीएम मोदी के नौ वर्षो का कार्यालय बेमिशाल रहा। उपलब्धियो भरा रहा मोदी जी का कार्यालय। जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यो को जन जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की अगुवाई मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार साव एवं मुकेश सिन्हा व संचालन जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने किया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वारूप पासवान, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राजेंद्र चनद्रवंशी, मुकुन्द साव, सुनील सिंह, सीताराम साव, महामंत्री सुनील साहू, उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, जीप सदस्य आरती कौशल, प्रतिनिधि सुधीर कौशल, मुखिया संतोष सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, महामंत्री अरविंद सिंह, कृष्णा साव, बालेश्वर साव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, आशीष गुप्ता, एसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा पासवान, भाजपा नेता अशोक ठाकुर, अजित सिंह, मुकेश सिंह, नकुल रजक, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, देवल यादव, गौरी साव, राजेश रवानी, समिति सदस्य विजय मधेसिया, युगल ठाकुर, अशोक यादव, प्रतिनिधि अतहर हुसैन, शंकर दयाल साव, नरेंद्र पांडेय, शिक्षक विजय सिन्हा, विवेकानंद विवेक, बिनोद साव, देवधारी यादव, लराही निवासी त्रिलोकी यादव, संजय यादव, रामधारी यादव, सुरेश यादव, भुनेश्वर उर्फ साहब, विजय यादव, बिरेन्द्र राणा, सुरेन्द्र यादव, बालदेव साव, राजेन्द्र रवीदास, गणेश भुइयाँ, मनोज मिश्रा सहित अन्य।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## विष्णुगढ़ में जदयू प्रखंड कमेटी का किया गया विस्तार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



जदयू प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन के बाद रविवार को प्रखंड कमेटी का विस्तार को लेकर जमुनियां डैम परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता ने की। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन की मजबूती एवं प्रखंड में संगठन को शिखर पर ले जाने के लिए अपने अहम विचार दिए। इसके उपरांत प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें बैठक प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश कुमार यादव व घनश्याम महतो, सचिव रवि कुमार साव व बैजनाथ महतो तथा मीडिया प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह व माही बाबू सर्वसम्मति से मनोनीत किये गए। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि बहुत जल्द युवा मोर्चा और महिला मोर्चा का भी गठन किया जाएगा। कहा कि मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल के मार्गदर्शन में चलकर जदयू की विचारधारा को जन जन तक ले जाना है। आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को अहम भूमिका निभाना है। मौके पर राजू कुमार, मुकेश यादव, किशोर कुमार रवि, विनोद यादव, सुनील ठाकुर, सुनील महतो, द्वेष कुमार, दीपक तिवारी, रवि किशोर, प्रेमचंद कुमार, जागेश्वर कुमार, सुखदेव महतो, दौलत महतो, ओम प्रकाश, वीरेंद्र साव, दिलीप साव के अलावे कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आज मुस्लिम कौम दिन-ब-दिन राहे खुदा और इस्लाम से बेराह होते जा रहे हैं - मौलाना गुलाम सरवर फैजी चतुर्वेदी

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : मदरसा अशरफिया गरीब नवाज महुआडांड़ में रविवार को अंजुमन ए गौसिया एवं मदरसा के असातजा ए केराम की ओर से अभिभावको के साथ बैठक किया गया। जहां मदरसा अशरफिया गरीब नवाज में दीनीं ( अरबी-उर्दू ) की तालिम ( पढ़ाई ) हासिल करने वाले सभी बच्चो के अभिभावक शामिल हुए। इस बैठक में मदरसा गरीब नवाज के नाजीमे आला हजरत अल्लामा एवं मौलाना गुलाम सरवर फैजी चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कुरआन और हदीस का संदेश दिया। कहा कि आज मुस्लिम कौम दिन-ब-दिन राहे खुदा और इस्लाम से बेराह होते जा रहे हैं, बुराई में ऐसे शरीक होते जा रहे है, कि नमाज़ कुरान और नबी के बताएं इंसानियत के तौर तरीके को भूलते जा रहे है। हम सभों की सहयोग से इसे रोकना होगा जिसका संकल्प है कि दीनी तालीम को आम किया जाए। इस बैठक में मदरसा के तमाम स्टॉप और ओहदेदारान हजरत मौजूद रहे। हजरत हाफिज-कारी, शमशेर रजा साहब व हजरत हाफिज-कारी मुनव्वर सईद और कारी खुर्शीद आलम, कुरबो जवार से आए हुए मेहमान हजरत हाफिज-कारी नुरुल होदा एवं अब्दुल हमीद परहाटोली मुमताज अंसारी, मायापुर सफरुद्दीन अंसारी, लुरगुमी खुर्द और पढ़ाई करने वाले बच्चो के मां-बाप शामिल हुए। मदरसा अशरफिया गरीब नवाज के तलबा ने एक से बढ़कर एक नात से के दिलों को मुनव्वर मोजल्ला किया।इसके बाद में सलातो सलाम पढ़कर देशवासियों की भलाई व मुल्क में अमन व शांति की दुआएं की गई।

## एक दिन ऐसा आएगा जब ऑक्सीजन सिलेंडर में भी शुद्ध ऑक्सीजन नहीं मिलेगा

### बच्चों के भविष्य निधि के रूप में पेड़ लगाएं और मानव जीवन को स्वास्थ्य बनाएं

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



दिन प्रतिदिन बढ़ती वैश्विक तापमान के कारण आज मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। इस वैश्विक तापमान का जिम्मेवार हम मानव खुद हैं। आज देश के विकास के लिए प्रत्येक दिन प्राकृतिक पर्यावरण को छेड़छाड़ कर नई तकनीकों का विकास किया जा रहा है। जहां एक और आधुनिकीकरण एवं औद्यो. गिकीकरण से रोजगार की संभावनाएं व विकास हो तो रहे हैं वहीं दूसरी और इन आधुनिकीकरण एवं औद्यो. गिकीकरण में लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं। हमारे पर्यावरण में विषाक्त गैसों की बहुलता होती जा रही है। उक्त बातें हैं बड़कागांव मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पर्यावरणीय चिंतक रितेश ठाकुर ने कही है उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण दूषित होने के कारण लोगों को तरह-तरह के स्वसन संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो रहे हैं। लोग डॉक्टर के पास जाते हैं और अपना इलाज करवाते हैं लेकिन क्या डॉक्टर से इलाज करवा लेना इस प्रकार के समस्याओं का स्थाई निदान है। बड़कागांव प्रखंड में इन दिनों पर्यावरण की समस्या भयावह रूप धारण कर ली है, जो बड़कागांव वासियों के लिए किसी विपदा की घंटी से कम नहीं है। हम लोगों को जिस प्रकार अपने बच्चों की भविष्य एवं उनकी केरियर की चिंता सताती है, उनके अच्छे भविष्य के बारे में सोचते हैं उसी प्रकार बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के बारे में सोचते हुए हमें अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। नहीं तो एक दिन ऐसा आएगा की ऑक्सीजन सिलेंडर में भी शुद्ध ऑक्सीजन नहीं मिल पाएगा। समय रहते इन बातों पर विचार करने की आवश्यकता है। जिस प्रकार मानव जाति धन कमाने के लिए शारीरिक परिश्रम करता है वैसे ही अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी हमें पर्यावरण के लिए शारीरिक परिश्रम करने की नितांत आवश्यकता है। हमें अपने चारों और खाली जगहों में पौधे लगाने चाहिए एवं पेड़ पौधों को संरक्षण प्रदान करना चाहिए। पर्यावरण के प्रति सजग लोगों को समय-समय पर प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करना चाहिए। बड़कागांव में एक पर्यावरणीय समिति बनाने की आवश्यकता है।

## कौशल विकास केंद्र बड़कागांव के प्रशिक्षु अभ्यर्थियों के बीच किया गया प्रमाण पत्र वितरण

### प्रशिक्षुओं को दी गई 1500 और 1000 प्रोत्साहन राशि

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग झारखंड सरकार के सौजन्य से झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड परिसर प्रांगण में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सेंटर इंचार्ज अरविंद कुमार एवं संचालन लेखक विपिन कुमार ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य पश्चिमी यासमीन निशा, मध्य सुनीता देवी आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात अतिथियों को बुके देकर, माला पहनाकर और स्वागत गीत के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्लेसमेंट इंचार्ज सुधीर कुमार यादव द्वारा कौशल विकास विषय वस्तु पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। अतिथियों ने अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार द्वारा यह कार्यक्रम स्वरोजगार एवं बड़ी-बड़ी कंपनियों में रोजगार हेतु सहायक है। महिलाएं आज घर से बाहर निकल कर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। प्रशिक्षण केंद्र के सेंटर इंचार्ज अरविंद कुमार ने बताया कि कौशल विकास प्रशिक्षण झारखंड के हर जिले हर गांव में चल रहा है। इसमें सभी लोग जुड़े और यहां प्रशिक्षण लेकर आप रोजगार से जुड़ सकते हैं।सिलाई मे 350 और 150 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त सभी अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन राशि वितरित किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम, चेपाकला पंचायत के उप मुखिया आकांचा कुमारी, कुशवाहा समाज के प्रखंड सचिव गिन्नी वर्मा, झारखंड महाविद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, झामुमो नेता राकेश मिश्रा, पंचम महतो, सेंटर कोऑर्डिनेटर श्रेष्ठ सिंह, नीरज कुमार, सिलाई ट्रेनर आरती कुमारी, सहीरूम निहार, रेखा कुमारी, ओमांश सेन, अमन कुमार, विकी करमाली सहित सैकड़ों प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## एक्कीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का मुख्यमंत्री आवास घेराव 17 जून को, तैयारी पूरी

### मोर्चा की ओर से सभी मंत्रियों को दिया गया आमंत्रण मांगों से कराया गया अवगत





मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते मोर्चे के लोग

**अपेम लाइव : बरही**

एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य कमेटी के निर्णय के अनुसार 17 जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव अपनी मांगों के समर्थन में करेगा। इस क्रम में रविवार को राज्य के सभी मंत्रीगण के आवास पर अपनी मांग पत्र के साथ आमंत्रण देने का कार्य किया गया। जिन मंत्रियों को मांग पत्र सौंपा गया। उनमें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, खेल मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री जोबा मांझी, पीएचईडी मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि, माननीय रामेश्वर उरॉव के प्रतिनिधि, मंत्री चंपई सोरेन, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल है। संजय दुबे ने बताया की जमाननीय मंत्री जी एवं माननीय मंत्री जी के प्रतिनिधि को अपना मांगपत्र सौंपकर एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा 17 जून को होने वाले मुख्यमंत्री आवास घेराव के कार्यक्रम में आने का आग्रह किया । उन्होंने बताया की राज्य के सहायक अध्यापकों का एक नियमावली बनी है, जिसमें कुछ बिंदुओं पर सरकार अभी तक आगे नहीं बढ़ी है । उन बिंदुओं को लेकर राज्य के सहायक अध्यापक 17 जून को रांची में जुटेगें । बताया की हमारी प्रमुख मांग में राज्य के सहायक अध्यापकों का वेतनमान , इपीएफ और अनुकंपा का लाभ, आकलन परीक्षा का आयोजन जल्द किया जाना शामिल हैं। इसके साथ ही अप्रशिक्षित को प्रशिक्षण करने का एक मौका देने, 4: मानदेय बढ़ोतरी जनवरी 2023 से सभी सहायक अध्यापकों को अविलम्ब देने, सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली मे संशोधन की मांग शामिल है। ज्ञापन सौंपने वालों में एककीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के संजय दुबे, ऋषिकेश पाठक, सिंटू सिंह, दसरथ ठाकुर सहित कई लोग शामिल थे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर

## जदयू राष्ट्रीय पार्टी के रूप में तेजी से उभर रहा है : प्रभु दयाल कुशवाहा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव पूर्वी पंचायत के ग्राम गुरु चट्टी स्थित रघुनंदन प्रसाद के आवास में जनता दल यूनाइटेड की बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष डॉ रघुनंदन प्रसाद एवं संचालन जिला महासचिव जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा ने किया.कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा कि हजारीबाग जिले में जदयू को मजबूत करने के लिए नई कमेटी के पुनर्गठन की जा रही है।उन्होंने आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू पूरे भारत में एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में उभर रही है.क्योंकि देश की जनता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यशैली से खुश है ।प्रदेश महासचिव मिथिलेश सिंह ने कहा कि राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में भी पूरे झारखंड में पार्टी मजबूत हो रही है। नए और पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मान दे रही है।जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा ने कहा कि भारत का अगला प्रधानमंत्री नीतीश कुमार होंगे. क्योंकि विपक्षी दल नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक हो रहे हैं।क्योंकि नीतीश कुमार जो वादा करते हैं वह पूरा करते हैं. नितेश कुमार जनता के जननायक हैं।मौके पर मुरारी महतो, दशरथ महतो,चेतलाल महतो, प्रभु कुमार, सुखदेव महतो, बरजू महतो, इरफान अंसारी,सुनील कुमार, खिरोधर महतो,रेनू देवी,प्रकाश यादव, महेश पासवान,दिल चंद्र महतो,गीता देवी,सुमन देवी,संजू देवी, वैष्णो देवी,सविता देवी,मधु कुमारी, संजय महतो, सुनील कुमार आदि शामिल थे। सर्व समिति से बनाए गए रघुनंदन प्रसाद अध्यक्ष बैठक में सर्व समिति से जिला अध्यक्ष के निर्देशानुसार रघुनंदन प्रसाद को दूसरी बार प्रखंड जदयू का अध्यक्ष चुना गया।इसके अलावा कांड़तरी पंचायत के अध्यक्ष महेश पासवान एवं सचिव इरफान खान, बड़का गांव मध्य पंचायत के अध्यक्ष वेणु देवी,उपाध्यक्ष सविता देवी,सचिव संजू देवी,कोषाध्यक्ष मधु देवी को चुना गया।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रखंड कमेटी का विस्तार अगले बैठक में कर दी जाएगी ।

## 50 % अनुदानित दर पर बीज वितरण का गरसुल्ला में विधायक अंबा प्रसाद ने किया शुभारंभ

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के गरसुल्ला केंद्र में 50% अनुदानित दर पर बीज वितरण का शुभारंभ स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गयाद्य इस दौरान बीज केंद्र का विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया तथा किसानों के बीच अंबा प्रसाद ने विभिन्न किस्मों के बीज का वितरण कियाद्य इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि किसानों को हितों में ध्यान में रखते हुए बीज अनुदान योजना के तहत किसानों को फसलों के बीज पर सब्सिडी दे रही हैद्य राज्य में फसलों का उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को सरकार द्वारा उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाते हैं ताकि अधिक से अधिक किसान इन बीजों का प्रयोग कर पैदावार बढ़ा सकें। इसके लिए सरकार द्वारा इन बीजों की खरीद पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार मिश्रा, कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, अध्यक्ष रामविलास गोप, जिला कृषि विभाग के सुरेंद्र कुमार, कृषक मित्र दिनेशवर यादव, भूतपूर्व पैक्स अध्यक्ष जितनी देवी, राजकुमार सिंह, वासुदेव महतो, सुरेश महतो, रोहित कुमार, पारसनाथ महतो, अमित तिर्की, कमलेश कुमार,विनोद कुमार,उमेश वर्मा, ऋतु सिंह, जलेश्वर महतो, चंद्रदीप महतो, प्रदीप गंजू ,दिलीप यादव ,शंकर गोप समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक अंबा प्रसाद के मद से निर्मित पीसीसी पथ निर्माण कार्य का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बादम पंचायत अंतर्गत ग्राम बाबुपारा में विधायक मद से बनाए गए ईट सोलिंग पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। इस पीसीसी पथ का निर्माण ग्राम बाबूपारा में रघु दास के घर से श्मशान घाट तक जाने वाली पथ में 2 लाख की लागत से विधायक मद से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता योजना के अध्यक्ष जागेश्वर पासवान ने किया । उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद को माला पहनाकर स्वागत किया गया। उद्घाटन के मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य तेजी से किया जा रहा है बादम पंचायत में करोड़ों योजना संचालित की जा रही है लगातार किए गए प्रयासों के बाद मुख्य पथ का निर्माण हो रहा है जिसका शिलान्यास मेरे द्वारा पूर्व ही किया गया है। ग्रामीणों ने बदमाही नदी पर पुल निर्माण कराने का अनुरोध किया जिस पर विधायक ने कहा कि उच्च स्तरीय पुल निर्माण से संबंधित सारी प्रक्रिया पूर्ण हो गई हैं, बहुत जल्द योजना धरातल पर दिखेगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जागेश्वर पासवान, झालो देवी, ऋतुराज कुमार दास, श्यामसुंदर दास, रिंकू देवी, पूनम कुमारी, राकेश कुमार दास, बसंत कुमार दास, सनी कुमार दास, किशोर राम,मनोज कुमार दास, सुजीत कुमार दास, रंजन कुमार दास, अमर कुमार दास, करुणा देवी, राजकुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## मजदूरों को अपने अधिकार के लिए किया जागरूक

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन के बैनर तले रविवार को सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ओबर में ग्राम प्रधान निर्मला देवी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में मजदूरों को संगठित करते हुए, मजदूरों के हक और अधिकार के लिए जागरूकता किया गया।जिसमें यूनियन के सदस्य प्रमिला देवी वार्ड सदस्य द्वारा तूवेद माइंस से प्रभावित क्षेत्र के समस्याओं को लेकर कहा कि तूबेद माइंस द्वारा किए गए कई वादे के अनुसार विस्थापित एवं प्रभावित लोगों को रोजगार एवं नौकरी से वंचित रखा जा रहा है। लोग पलायन करने को विवश हैं। आए दिन प्रवासी मजदूरों के साथ घटना होते रहता है। कहा कि प्रभावित क्षेत्र के आप सभी अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन संगठन के साथ जुड़कर अपना अधिकार के लिए लोकतांत्रिक ढंग लड़ें । वहीँ यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने कहा कि लातेहार जिला खनिज संपदा से भरा पड़ा है।जो यहां के स्थानीय लोगों द्वारा एकजुट होकर अपने हक अधिकार के लिए मजबूती से मांग नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए क्षेत्र में हो रहे,कार्य जैसे तूबेद माइंस रेलवे साइडिंग बॉक्साइट स्थानीय मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। एकजुट होकर संगठन से जुड़कर अपना हक अधिकार को ले सकें। वहीं यूनियन के केंद्रीय महासचिव किरण कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि मजदूरों को सरकार द्वारा मिलने वाला लाभ नहीं मिल पा रही है आप सभी यूनियन से जुड़कर सभी मजदूर अपना-अपना मजदूर कार्ड बनवा कर सरकारी लाभ लें तथा बिचौलियों के झांसे में न आने की बात कही मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## चंदवारा पश्चिमी सचिवालय भवन में मुखिया ने किया ग्रामीणों के समक्ष वित्तीय वर्ष का समीक्षात्मक बैठक

**अपेम लाइव चंदवारा**




कोडरमा चंदवारा पश्चिमी सचिवालय भवन में मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा कि अध्यक्षता में बीते एक वर्षो के कार्यों का समीक्षात्मक बैठक किया गया जिनमें पंचायत के सभी वार्डो में हो रहे विक. ासात्मक कार्यो पर हो रहे समस्याओं के निदान एवं सुचारु रुप से विकास के कार्य को गति देने पर विचार विमर्श किया गया तथा नाली निर्माण कूप निर्माण की समस्या एवम पांडे टोला गंदोरी रोड़ को मरम्मत वार्ड नंबर 6 और 8 में नाली मरम्मत कार्य में सुस्ती किसान मित्र के द्वारा मनमानी पर लिखित कूप निर्माण पर जोर रामचंद्र मोदी घर के पास रास्ता में जलजमाव की समस्या का निदान चापाकल रिपेयरिंग स्वच्छता टंकी तथा बिजली द्वारा कृ षि हेतु व्यवस्था की जाए एवं अन्य विकास कार्यो पर समस्त पंचायत वासियों की उपस्थिति में विचार विमर्श किया गया इस मौके पर उप प्रमुख खुशबू देवी वार्ड सदस्य बबलू कुमार , अशोक साव,नंदू शर्मा ,अर. विंद कुमार, राजकुमार पंडित ,महेश पंडित, राजेश चंद्रवंशी, इंद्रदेव ठाकुर ,सुखदेव राणा, पंकज रजक, मिथिलेश कुमार, तेजो महतो, सुरेश यादव, गौतम पंडित, रतन पासवान, प्रियंका देवी, काजल कुमारी, राम दुलारी देवी ,मृदुल पांडे सरिता देवी, व अन्य ग्रामीण इस बैठक में उपस्थित रहे।

APEM
LIVE

## महुआडांड़ माता चर्च में 135 बच्चों ने पहला प्रथम प्रसाद ग्रहण किया

**अपेम लाइव : लातेहार**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड के माता चर्च संत जोसेफ में रविवार को 135 बच्चे पहला परम प्रसाद संस्कार समारोह में शामिल हुए ।इस मौके पर सफेद वस्त्र धारण किए परम प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी बच्चे हाथों में मोमबत्ती लेकर जुलूस की शक्ल में पहुंचे। उनका चर्च में स्वागत किया गया।माता चर्च के मुख्य फादर सुरेश किडो ने विशेष पवित्र मिस्सा पूजा कराई, फादर ने अपने संदेश में संस्कार ग्रहण करने की प्रक्रिया और प्रभु यीशु के महिमा का गुणगान किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि परम प्रसाद संस्कार लेने से पवित्र आत्मा का वरदान मिलता है।इस संस्कार को ग्रहण करने से अच्छे जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बच्चों को संस्कारी तथा अच्छा व्यक्ति बनने का संदेश दिया। साथ उनके माता पिता की कहा कि जैसा माता-पिता संस्कार देंगे बच्चे वैसा ही आगे बढ़ेंगे।जिस बच्चे ने आज परम प्रसाद ग्रहण किया उसके दिल में ईश्वर वास कर गए।मनुष्य के दिल में ही ईश्वर का मंदिर होता है।वही इस कार्यक्रम में मुख्य प्रचारक आनंद टोप्पो के नेतृत्व में 135 बच्चों का पहला परम प्रसाद संस्कार लेने के साथ उनको अध्यतामिक रूप से तैयार करने में काफी सराहनीय योगदान रहा । वही बच्चो को अध्यतामिक ज्ञान के साथ नैतिक ज्ञान के साथ पहला परम प्रसाद ग्रहण करने हेतु सिस्टर स्वाति के द्वारा विशेष तौर पर तैयार किया गया।संस्कार करने वाले बच्चों ने ईश्वर का निवेदन किया व पाठ पढ़ा तथा ईश्वर का धन्यवाद देते हुए परम प्रसाद ग्रहण किया।साथ ही उपस्थित सभी मसीही समुदाय के लोगों को भी परम प्रसाद दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मसीही महिला कोयल दल के द्वारा मसीह गान गाया गया।अंत में नाचगान व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही उपस्थित मसीहियो ने पहला परम प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चों को संस्कार लेने पर शुभकामनाएं दी। संस्कार समारोह में फादर रौशन केरकेट्टा, पतरस तिर्की, मोरिस एक्का, तेज कुमार केरकेट्टा,जोन तिर्की हेड प्रचार आन्दन टोप्पो,सिस्टर स्वाति के साथ बच्चों को चार दिनों तक आध्यतामिक रूप से तैयार करने में भाइलेट एक्का, नीलम शालिनी लकड़ा, अनुष्का खेस,दीपिका टोप्पो, स्नेहा टोप्पो,करिश्मा टोप्पो, प्रबल बदला एवं दोमनिक आईन्द सहित काफी संख्या में मसीही विश्वासी व संस्कार लेने वाले बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।